# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव

## पेंड्री, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

## प्रवेश सूचना 2026-27

1. शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु केन्द्रीय विद्यालय, राजनांदगांव में कक्षा – दूसरी (कुल रिक्ति -04) , दसवीं (कुल रिक्ति -21), ग्यारहवीं 'वाणिज्य' (कुल रिक्ति -15) और बारहवीं (विज्ञान (कुल रिक्ति -23) एवं वाणिज्य (कुल रिक्ति -31)) में सीटें रिक्त हैं, साथ ही, रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन (वृद्धि या कमी) संभव है। उक्त कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण दिनांक 18.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

2. इच्छुक अभिभावक विद्यालय के कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 18.07.2026 से 24.07.2026 तक (दोपहर 01.40 बजे से दोपहर 02.40 बजे तक) विद्यालय से निःशुल्क पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा इसे आवश्यक दस्तावेजों सहित पूर्ण रूप से भरकर जमा कर सकते हैं।

3. कक्षा 10 तथा कक्षा 12 (विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में प्रवेश के लिए पात्रता की निम्न शर्तें भी लागू होंगी –

   क) बच्चे ने सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय से उसी पाठ्यक्रम का अध्ययन किया हो।  
   ख) कक्षा 10 में प्रवेश के लिए कक्षा 9 की परीक्षा में कम से कम 55% अंक होना आवश्यक है।  
   ग) कक्षा 12 में प्रवेश के लिए कक्षा 11 की परीक्षा में कम से कम 55% अंक होना अनिवार्य है।  
   घ) विद्यार्थी केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रकार से पात्र होना चाहिए।  
   ङ) विद्यार्थी द्वारा चयनित विषयों का संयोजन संबंधित केन्द्रीय विद्यालय में उपलब्ध होना चाहिए।  
   च) ये नए प्रवेश केवल प्राथमिकता श्रेणी I एवं II के लिए ही होंगे।

4. प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रवेश मार्गदर्शिका 2026-27 के अनुसार संपन्न की जाएगी।

5. यदि संवीक्षा के अंतर्गत आवेदन पत्र में कोई गलत / भ्रामक जानकारी पायी जाती है तो के.वि. में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान/पश्चात् प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

6. अपूर्ण रूप से भरे आवेदन प्रपत्र सामान्यतः अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। पंजीकरण मात्र से ही प्रवेश का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

7. प्रवेश सम्बन्धी और अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजनादगांव की वेबसाइट https://rajnandgaon.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें।

8. प्राचार्य / प्रवेश प्रभारी द्वारा विद्यालय में बुलाये जाने पर, निर्धारित समय अंतराल में ही संपर्क करें।

प्राचार्य / PRINCIPAL प्राचार्य  
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव  
PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA RAJNANDGAON  
(C.G.) 491441

प्राचार्य